Title: Regarding strategy adopted by the Government during the World Trade Organisation Meeting at Seattle, USA.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, सीएटल में विश्व व्यापार संगठन के चार दिवसीय सम्मेलन में अमेरिका और पश्चिमी देश, विश्व व्यापार पर अपनी दादागिरी कायम रखने के लिए वन एवं पर्यावरण का मुद्दा उठा कर विश्व के विकासशीन देशों के व्यापारिक हितों के खिलाफ नियम बनाना चाहते हैं और विकासशील देशों के निर्यात को प्रभावित करना चाहते हैं। क्या भारत सरकार ने अन्य विकासशील देशों से मिल कर अमेरिका और पश्चिमी देशों की रणनीति के खिलाफ कोई अपनी योजना बनाई है? यदि बनाई है तो कितने विकासशील देश भारत की नीतियों का समर्थन कर रहे हैं? क्या भविष्य में जेनेवा में विश्व व्यापार की बैठक में भारत ि वकासशील देशों का एक संगठन बनाकर अमेरिका एवं अन्य पश्चिमी देशों के प्रयास को विफल करने का प्रयास करेगा।

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: You should not read your notes during Zero Hour. You should mention your point orally.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If your name is there, I will call you. If you interrupt like this, I will not call you.

... (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: That applies to you also.

... (Interruptions)